हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live & dkunews24
वर्ष : 03 अंक–291 : जौनपुर, मंगलवार 01 मार्च फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## हर हर महादेव के नारे से गूंजा बाबा दरबारः आधी रात से लगी भक्तों की कतार

वाराणसी ब्यूरो : महाशिवरात्रि पर श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए आधी रात से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गई। सोमवार की शाम से ही काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों का रेला उमड़ने लगा था। मंगलवार को पूरी रात मंदिर खुला रहा और सुबह से श्रध्दालुओं की कतार दरबार में लगी रही। भगवान शिव की नगरी काशी महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर ही बम.बम नजर आई। आदि विश्वेश्वर का दर्शन और जलाभिषेक के लिए देश भर से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। मंदिर के आसपास रात होते ही श्रद्धालुओं ने अपनी जगह घेरनी शुरू कर दी थी। मंगला आरती के बाद से श्रद्धालुओं ने बाबा दरबार में दर्शन व जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं को पहली बार गंगा द्वार से प्रवेश मिला और बाबा के स्वर्णमयी आभा वाले गर्भगृह के भी दर्शन हुए। एलईडी स्क्रीन पर हुए दर्शन महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर के आसपास वाले इलाके में बड़े एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। गर्भगृह से बाबा विश्वनाथ का लाइव दर्शन स्क्रीन पर भी किया जा सकेगा। शिवमंदिरों में तैयारियां पूरी काशी पुराधिपति के विवाहोत्सव के लिए काशी सज.धजकर तैयार है। मंदिरों में आने वाली भीड़ को देखते हुए तैयारियां भी पूरी हो चुकी हैं। बीएचयू विश्वनाथ मंदिर, जागेश्वर महादेव, तिलभांडेश्वर महादेव, महामृत्यंजय मंदिर, सारंगनाथ, कपिलधारा, मारकंडेय महादेव आदि मंदिरों में मंगला आरती के बाद दर्शन आरंभ हो गया। भक्तों के लिए 3रू30 बजे खुल जाएंगे मंदिर के पट काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि मंगलवार को



महाशिवरात्रि के दिन भोर में मंगला आरती 2रू15 बजे शुरू होगी और 3रू15 बजे समाप्त होगी। 3रू30 बजे से दर्शन के लिए मंदिर के पट खोल दिए जाएंगे। मध्याह्न भोग आरती दोपहर 12 बजे से 12रू30 बजे तक चलेगी। बाबा के पहले प्रहर की आरती 10रू50 बजे से शुरू होकर रात 12रू30 बजे तक चलेगी। दूसरे पहर की आरती एक और दो मार्च की मध्य रात्रि 1रू20 बजे शुरू होगी और 2रू30 बजे तक चलेगी। तीसरे पहर की आरती दो मार्च की भोर में तीन बजे से 4रू25 बजे तक होगी और चौथे पहर की आरती सुबह पांच बजे से शुरू होगी और 6रू15 बजे समाप्त होगी। शंख ध्वनि से रुक जाएगा प्रवेश प्रथम प्रहर की आरती के लिए रात्रि 10रू50 पर शंख ध्वनि के साथ दर्शनार्थियों का प्रवेश रोक दिया जाएगा। इसके बाद गर्भ गृह में सिर्फ मंदिर के पुजारियों का ही प्रवेश होगा और पूजा की तैयारियां शुरू हो जाएंगी। रात्रि 11 बजे से आरती शुरू होगी और रात्रि 12रू30 पर आरती खत्म हो जाएगी।

## कोलकाता में हत्या कर पांच किलो सोना लूट कर भागे आरोपियों को यूपी एटीएस ने दबोचा

लखनऊ ब्यूरो : पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हत्या कर पांच किलो से ज्यादा सोना लेकर भागे तीन आरोपियों को यूपी एटीएस ने आगरा से गिरफ्तार कर लिया है। एटीएस को इनके पास से पांच गोल्ड बार (5 किग्रा), 1 गोल्ड बिस्किट (100 ग्राम) सहित कुल 5100 ग्राम सोना बरामद हुआ है। बरामद हुए सोने की बाजार कीमत करीब 2 करोड़ 80 लाख 50 हजार रुपये है। आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। इन आरोपियों को कोलकाता पुलिस को सौंप दिया गया है। यूपी एटीएस को सूचना मिली थी कि शिवटोला स्ट्रीट, कोलकाता में 61 वर्षीय व्यक्ति की हत्या कर व सोना लूट कर आरोपी उत्तर प्रदेश की तरफ रवाना हो गए थे। मामले की तहकीकात करने पर आरोपियों की मौजूदगी आगरा के थाना–फतेहाबाद क्षेत्र में बस स्टैंड के पास मिली। जिस पर कार्रवाई करते हुए एटीएस फील्ड यूनिट आगरा, अलीगढ़ और कोलकाता पुलिस ने आरोपियों को लूटे गए माल के साथ गिरफ्तार कर लिया और उन्हें कोलकाता पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## एसजीपीजीआई में 12 ऑपरेशन थियेटर चालू : कोरोना के कारण किए गए थे बंद

लखनऊ ब्यूरो : एसजीपीजीआई में सर्जरी का इंतजार कर रहे मरीजों को जल्द ही राहत मिलेगी। यहां जनवरी से बंद चल रहे 12 ऑपरेशन थियेटर को शुरू कर दिया गया है। इससे हर दिन करीब 40 से 50 अतिरिक्त मरीजों की सर्जरी हो सकेगी। एसजीपीजीआई में कोरोना की तीसरी लहर शुरू होते ही ऑपरेशन थियेटर की संख्या घटा दी गई थी। यहां की 34 ओटी में 12 को बंद कर दिया गया था। इससे विभिन्न विभागों में सर्जरी के लिए इंतजार करने वाले मरीजों की संख्या बढ़ घई थी। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. गौरव अग्रवाल ने बताया कि सर्जरी का इंतजार करने वाले मरीजों को बुलाया जा रहा है।

## थाना कोतवाली पुलिस ने 01 शातिर चोर को चोरी के मोटर साइकिल के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, जौनपुर द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी के निकट नेतृत्व मे दिनांक 28.02.2022 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर एक शातिर चोर को चोरी के मोटर साइकिल पैशन प्रो चेचिस नम्बर MBLH10EL99H20842 व इन्जन नम्बर 22045 के साथ नगरपालिका गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0स0 75/22 धारा 41/411–413–414 IPC बनाम अहमद अली पुत्र हैदर अली मो0 अबीरगढ टोला थाना कोतवाली जनपद जौनपुर उम्र 28 वर्ष के पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. अहमद अली S/0हैदर अली मो0 अबीरगढ टोला थाना कोतवाली जनपद जौनपुर । बरामदगी– 1. चोरीके मोटर साइकिल चेचिस नम्बर MBLH10EL99H20842 व इन्जन नम्बर 22045 अपराधिक इतिहास–.1.मु0 अ0 स0 75/22 धारा 41/411/143/414 IPC थाना




कोतवाली जौनपुर 2– मु0 अ0 स0 63/22 धारा 4/25 आर्मस एक्ट थाना कोतवाली जौनपुर 3– मु0अ0स0 967/13 धारा 41/109 CRPC थाना कोतवाली जौनपुर गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम–1. उ0नि0 चन्दन कुमार राय चौकी प्रभारी राजकालेज थाना कोतवाली जौनपुर। 2. का0 राजनारायण यादव चौकी राजकालेज थाना कोतवाली जौनपुर।

## लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व मतदान कर उत्साह के साथ मनाये – अपर जिलाधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आगामी 7 मार्च को उत्तरप्रदेश में 7वे चरण में होने वाले मतदान के मद्देनजर मानव सेवा को समर्पित अंतराष्ट्रीय संस्था रोटरी क्लब इंटरनेशनल की जौनपुर इकाई रोटरी क्लब जौनपुर ने अध्यक्ष नवीन सिंह व जिला स्वीप कॉर्डिनेटर सैयद मो० मुस्तफा के कुशल निर्देशन में शहरी क्षेत्र के नागरिकों को मताधिकार के प्रति जागरूक करने हेतु टी डी कॉलेज रोड पर स्थित रोटरी क्लब द्वारा अंगीकृत किये गए रोटरी पार्क के पास स्थित अपर जिलाधिकारी कैंप कार्यालय से मतदाता जागरूकता वाहन को अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय जी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व रामप्रकाश के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष रो0 नवीन सिंह ने बताया कि यह मतदाता जागरूकता वाहन अगले तीन दिनों तक जिले के शहरी क्षेत्र में नागरिकों को मतदान करने हेतु जागरूक करेगा व प्रेरित करेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजस्व रजनीश राय ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाकर ही सत्ता पर लोकहित में जुड़े कार्यो को करने का दबाव जनता द्वारा बनाया जाता है अतः मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए व अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व रामप्रकाश ने उपस्थित जन समूह को मतदान करने हेतु शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व मतदान का होता है और प्रत्येक 5 वर्षों पर हमे अपना उज्ज्वल भविष्य चुनने का मौका मिलता है तो हमे इस मौके का सही फायदा उठा कर सत्ता में सही व्यक्ति व पार्टी



को अपने मताधिकार का प्रयोग कर ले आना चाहिए क्यों कि लोकतंत्र में राजा सिर्फ जनता होती है जो अपने विवेक के आधार पर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्णय लेती है। इस अवसर पर रोटेरीयन डॉ. कमर अब्बास, रो0 प्रदीप सिंह सफायर, रो0 सूजीत अग्रहरि, रो0 के के मिश्र रो0 कपिल गुप्ता, रो0आशीष साहू, रो. रविकांत जायसवाल, रो० देवेंद्र सिंह पिंकू, रो. दुर्गेश तिवारी, रो० अमित कुमार पांडेय, तिलक कॉन्वेंट विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश सिंह जी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे व अंत मे पूर्व अध्यक्ष रो० रविकांत जायसवाल ने आये हुए अतिथियों व सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जिला पंचायत कार्यालय जौनपुर में प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर का किया गया द्वितीय निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : मा0 व्यय प्रेक्षक महोदय श्री विनय जी0 एम0 द्वारा 01 मार्च 2022 को जिला पंचायत कार्यालय जौनपुर में विधानसभा मड़ियाहूँ, मछलीशहर, जफराबाद एवं केराकत के प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर का द्वितीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक महोदय द्वारा सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा टीम के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विधानसभा के प्रत्याशियों का शैडो रजिस्टर का प्रत्येक कॉलम भरा होना चाहिए तथा यदि प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर को भरने में कोई समस्या आती है तो सहायक व्यय प्रेक्षकों द्वारा उनकी मदद की जाए। उनके द्वारा निर्देशित किया गया कि पेड न्यूज पर विशेष ध्यान दिया जाए और वीडियो निगरानी टीम को निर्देशित किया गया कि उनके द्वारा प्रत्येक वीडियो का ध्यान से परीक्षण किया जाए तथा उससे संबंधित रिपोर्ट प्रतिदिन सहायक व्यय प्रेक्षकों को प्रेषित की जाए। सहायक व्यय प्रेक्षकों को निर्देशित किया गया कि एफएसटी एवं एसएसटी टीम की अपने स्तर से सघन निगरानी करे। प्रेक्षक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्याशियों द्वारा किये जाने वाले सभी प्रकार के व्यय अपने निर्वाचन खाते से ही किये जाएं। सहायक व्यय प्रेक्षको को पुनः निर्देशित किया गया कि आज के निरीक्षण में प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर में जो खामियां पायी गयी है उसे अपने स्तर से उनको सहयोग करते हुए ठीक कराए।

## जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ईवीएम मशीनों के कमिश्निंग, मॉक पोल कार्य का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा पूर्वांचल विश्वविद्यालय के नवनिर्मित मूल्यांकन भवन में चल रहे ईवीएम मशीनों के कमिश्निंग, मॉक पोल कार्य का निरीक्षण किया और कार्मिकों को निर्देश दिया कि मशीनों की उचित प्रकार से जांच की जाए। उन्होंने विधानसभा वार बनाये गए स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल का निरीक्षण किया निर्देश दिया कि सभी प्रकार की व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त रहे। मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त रिटर्निंग ऑफिसर को निर्देश दिया गया कि मतदान के दिन होने वाली समस्याओं का पहले से ही विश्लेषण कर लिया जाए और तैयारी कर ली जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि बूथों पर सभी मूलभूत सुविधा सुनिश्चित की जाए जिससे किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि हम सभी को टीम वर्क में कार्य करते हुए भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप निर्वाचन कराना है और भारत के लोकतंत्र के महापर्व को मजबूत बनाने में भागीदारी निभानी है।

## चोरों ने परिवार को घर में बंदकर लाखों का सामान किया पार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के पोरईकला गांव में चोरों ने सोमवार की रात एक घर के परिवार को घर में बंद करके लाखों का जेवर और नगदी पार कर दिया। अगले दिन सुबह उठने पर परिजनों को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। गांव के उमाशंकर यादव अपने परिवार के साथ घर में सोए थे। रात्रि में चोर बारजे के सहारे घर में घुस गए। जिस कमरे में परिवार वाले सोए थे चोरों ने उसमें बाहर से कुंडी लगा दिया। दूसरे कमरे में लगे ताला को तोड़कर दो बैग और दो बाक्स में रखे सोने चांदी के आभूषण, 55 हजार नगद कैश और अन्य सामान लेकर मुख्य दरवाजे से चले गए। मंगलवार की भोर में किसी तरह दरवाजा खोलवाकर परिवार वाले कमरे से बाहर निकले तो दूसरे कमरे का ताला टूटा



मिला। कमरे से बैग और बाक्स समेत कीमती सामान गायब थे। चोरी गए सामान में आभूषण और नगदी मिलाकर लगभग चार लाख के बताए जा रहे हैं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों पर लगी भोले के भक्तों की भीड़

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महाशिवरात्रि के पावन पर्व की देशभर में धूम है। शिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र के शिवालयों में बाबा गुदर नाथ ,त्रिभुवन बाबा ,झलियवहानाथ बाबा,गौरीशंकर धाम में भक्तों का रेला लगा रहा। यहां के शिव मंदिरों में भोर से ही भगवान भोले के भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था और मंदिरों में भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा–अर्चना की। शिव भक्तों ने शिवलिंग पर दूध और गंगाजल चढ़ाकर विधि विधान से पूजा की और व्रत रखा। हर ओर जय भोले नाथ जय शिव शंकर के जयकारे गूंज रहे थे।बाबा गुदारनाथ धाम पूरा परिसर गुब्बारों से सजाया गया था। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर पर सुरक्षा व्यवस्था के बंदोबस्त किए गए हैं। महाशिवरात्रि को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

## मुफ्तीगंज चौकी न्यू शिव मंदिर पर प्रभारी निरीक्षक द्वारा की गई प्राण प्रतिष्ठा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महाशिवरात्रि के पवित्र पावन दिन मंगलवार को चौकी मुफ्तीगंज पर निर्मित न्यू शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा प्रभारी निरीक्षक केराकत लक्ष्मण पर्वत द्वारा पंडित दीपचंद शुक्ला एवम आचार्य सन्तोष मिश्रा द्वारा रुद्राभिषेक कर विधिवत पूजन अर्चन करके किया गया । चौकी प्रभारी मुफ्तीगंज गोविंद देव मिश्रा ने क्षेत्र वासियों के सहयोग से निर्मित मन्दिर का भव्य पूजन करवाकर प्राण प्रतिष्ठा प्रभारी निरीक्षक केराकत लक्ष्मण पर्वत के द्वारा कराया गया । इस अवसर पर थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर राम अवध यादव , उपनिरीक्षक शेष नाथ सिंह , रामचन्द्र राय ,सन्तोष कुमार ,जयचंद यादव ,जय प्रकाश यादव ,सुनील कुमार , भूपेश कुमार ,भारत सिंह ,महेंद्र कुमार ,दिलीप कुमार मोदनवाल ,, पवन कुमार यादव ,लालचंद गुप्ता मखनचु सेठ ,कमल वर्मा सेठ ,प्रवेश कुमार , दर्शन सेठ ,रमेश नागर , आदि लोगो की उपस्थिति रही।

## दौलतिया मंदिर पर भोले नाथ व हनुमान जी की पूजा अर्चना के लिए उमड़ी भीड़

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर के प्रतापगढ़ रोड पर स्थित दौलतिया हनुमान मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व पर भोले नाथ व संकट मोचन हनुमान जी की पूजा व आराधना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ीद्यभोर में ही श्रद्धालु मंदिर पर पहुंच गए और पंक्तिबद्ध होकर भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक कियाद्यउनका विधिवत पूजा अर्चन कियाद्यहनुमान जी का भी दर्शन कर उनके चरणों में माथा टेक कर आर्शीवाद प्राप्त कियाद्यभोले नाथ व हनुमान जी की जायकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। मोहल्ला बभनौटी निवासी विद्वान पंडित सिद्धार्थ त्रिपाठी ने बताया कि आज के दिन भोले नाथ का पूरे मनोयोग के साथ पूजा व उपासना करने से उनका आर्शीवाद पूरे परिवार को मिलता हैद्यवहीं आज के दिन हनुमान जी की पूजा अर्चन करने से शनि की महादशा और साढ़े साती को दूर करने के लिए भी यह बहुत लाभकारी हैद्यसाथ ही यह व्रत सम्मान बल,साहस और पुरूषार्थ को भी बढ़ाने वाला हैद्यशुभ इस दिन विधि विधान से शुभ समय में हनुमान जी की पूजा अर्चना करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है और संकट से मुक्ति मिलती हैद्यगिरिधाम शिवालय चंदौकी सहित क्षेत्र के शिव मंदिरों पर भोर में ही पूजा दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी।

## हवन के साथ सात दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के बिसावां गांव स्थित श्रीविश्वम्भर नाथ धाम पर चल रहे सात दिवसीय श्रीरूद्र महायज्ञ का मंगलवार को महाशिव रात्रि पर हवन के साथ समापन हो गया।धाम के महन्थ सुदर्शनाचार्य महराज ने बताया कि धाम पर विगत 24 फरवरी को चित्रकूट धाम के श्रीनारायनाचार्य के देख रेख में यज्ञ का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ हुआ था।महाशिव रात्रि पर सैकड़ो श्रद्धालुओं ने यहाँ जलाभिषेक करते हुए हवन कुंड में आहुति दी। इसी क्रम में हीरापुर के लम्बोदरं नाथ धाम पर लोगों ने जल चढ़ाया तथा दोपहर बाद लगे तेरस मेले में बड़ी संख्या महिलाओं बच्चो ने पहुंच कर खरीदारी की। स्थानीय पावर हाउस के सामने स्थित शक्तेश्वर नाथ धाम पर एक दिन पहले से प्रारम्भ हुए अखण्ड श्रीराम चरित मानस पाठ का हवन के साथ समापन हुआ।दो बजे लगे मेले में बड़ी संख्या मे पहुँचे लोगों ने जम कर खरीदारी किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
जब आदमीं थक कर बैठ जाता है तो उस पर बीमारियां आकर बैठ जाती है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# यूक्रेन संकट से सबक : रूस पर प्रतिबंध कितने असरदार

जो सवाल पश्चिम और नियम आधारित विश्व व्यवस्था को परेशान करना चाहिए, वह यह कि जब चीन जिनपिंग के अनुसार ताइवान को 'फिर से अपने साथ जोड़ने की तरफ बढ़ता है, तब उसके पास क्या विकल्प हैं? तब क्या अमेरिका और उसके सहयोगी प्रतिबंधों को निवारक के रूप में देख सकते हैं? जिस सवाल का उत्तर तलाशा जाना चाहिए, वह यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र अपने मौजूदा ढांचे में संप्रभुता और नियम आधरित विश्व व्यवस्था को संरक्षित कर पाता है? क्या पश्चिम सुरक्षा परिषद के और अधिक प्रतिनिधित्वशाली होने पर सहमत हो सकता है?

त्रासदियां कार्रवाई से शुरू होती हैं और अक्सर न उठाए जाने वाले कदमों के कारण और भी भीषण हो जाती हैं। अमेरिका, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के प्रतिबंधों ने रूस को विचलित नहीं किया है। कीव की घेराबंदी की जा रही है। कॉमेडियन और अभिनेता से नेता बना व्लोदिमीर जेलेंस्की रूस की ताकत के समक्ष खड़ा है और दुनिया द्वारा असहाय छोड़ दिए गए लोग बचने के लिए पड़ोसी देश पोलैंड में शरण ले रहे हैं या आक्रमणकारियों का सामना करने के लिए पेट्रोल बम बना रहे हैं।

जमीनी धरातल पर प्रतिबंधों के ब्योरे और वास्तविकता में अंतर देखने लायक है। पिछले बृहस्पतिवार को अमेरिकी सरकार ने रूस पर 'गंभीर प्रतिबंधों' की पहली कड़ी की घोषणा की। अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडन ने घोषणा की कि उनका उद्देश्य व्लादिमीर पुतिन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खारिज करना है। उनकी इस घोषणा के एक घंटे के भीतर कच्चे तेल की कीमत प्रतिबंध से पूर्व के स्तर से नीचे गिर गई। शेयर बाजार गहरे लाल रंग से चमकीले हरे रंग के क्षेत्र में चले गए। शेयरों में वृद्धि यही बताती है कि रूस को मिला दंड पर्याप्त नहीं है।

एक दिन बाद यूरोपीय संघ ने नए प्रतिबंधों की घोषणा की। रूसी संस्थाओं के वित्तीय प्रवाह को बंद करने, विमान के पुर्जों और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी तक पहुंच पर प्रतिबंध लगाने के अलावा यूरोपीय संघ के प्रतिबंध पुतिन और रूसी विदेश मंत्री की संपत्ति फ्रीज करना चाहते हैं। कोई नहीं जानता कि उनके पास रूस से बाहर संपत्ति है या नहीं। सच यही है कि प्रतिबंध बेलारूस के एलेक्जेंडर लुकाशेंकों और सीरिया के बसर अल असद को भी तानाशाही तौर–तरीकों से नहीं रोक पाए।

रूस पर प्रतिबंधों को लेकर यूरोपीय संघ के भीतर जो तथाकथित सर्वसम्मति बनी, उसमें भी सब एकमत नहीं थे। व्यापक रूप से माना गया कि रूस को वैश्विक वित्तीय प्रणाली स्विफ्ट (सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन) बैंकिंग प्रणाली से बाहर करना कठिन है। ब्रिटेन स्विफ्ट से रूस को बाहर करना चाहता था। अमेरिका ने इस पर हिचकिचाहट दिखाई, जबकि जर्मनी और हंगरी ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

आखिरकार यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, अमेरिका और उसके सहयोगी देशों एवं साझेदारों ने स्विफ्ट से चुनिंदा रूसी बैंकों को अलग करने और रूस के केंद्रीय बैंक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कदम उठाने का फैसला किया है। इटली ने विलासिता की इतालवी वस्तुओं को प्रतिबंध के दायरे से बाहर निकाला और बेल्जियम ने हीरे के व्यापार को प्रतिबंध पैकेज से बाहर रखने के लिए कड़ा संघर्ष किया।

यूरोपीय दोहरापन साफ है–रूसी कुलीन वर्गों के लिए विलासिता की महंगी वस्तुओं को खरीद पाने की आजादी आक्रमण झेल रहे एक संप्रभु राष्ट्र के लोगों की स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है। जाहिर है कि यूक्रेन से आने वाली तस्वीरों को देख यूरोप ने यह महसूस किया कि नाटो सहयोगियों में से भी किसी देश का यह हश्र हो सकता है, लिहाजा पुतिन की आक्रामकता को यूक्रेन की सीमाओं पर नहीं रोका जा सकता।

यूरोप में रूस के बहुपक्षीय व्यापार और सुरक्षा व्यवस्था को खत्म कर ही पुतिन को सबक सिखाया जा सकता है। क्या अमेरिका और उसके सहयोगी देश पुतिन को रोक पाएंगे? प्रतिबंध सैद्धांतिक रूप से काम कर सकते हैं, पर इतिहास बताता है कि इसका असर सबसे धीमा है। जब रूस ने क्रीमिया पर कब्जा किया था, तब अमेरिका और उसके सहयोगियों ने उस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे।

तब रूस ने अपने लोक वित्त को डॉलर से अलग किया, अब रूस पर जीडीपी अनुपात में सबसे कम कर्ज है और उसका भंडार 650 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। साथ ही, उसने सीरिया में असद के शासन को बनाए रखा है, क्रीमिया पर रूस का कब्जा बना हुआ है और अब यूक्रेन के सामने 'असैन्यीकरण' का खतरा है। इस हफ्ते चीन ने इन प्रतिबंधों को 'अप्रभावी' बताकर खारिज कर दिया।

इसकी वजह है–1989 में तियानमेन चौराहे के विरोध के बाद यूरोपीय संघ और अमेरिका ने उस पर प्रतिबंध लगाए थे। उनका उद्देश्य चीन को ज्यादा लोकतांत्रिक बनाना था। पर उसके बाद बीजिंग ने हांगकांग में लोकतंत्र को खत्म कर दिया, भारत के साथ वह अकारण सीमा युद्ध छेड़े हुए है, और ताइवान पर कब्जा करने की महत्वाकांक्षा उसने जताई है। ऐसे में, अमेरिकी अधिकारियों ने चीन से यूक्रेन में युद्ध रोकने की जो गुहार लगाई, उसे विडंबना ही कहेंगे।

यूरोपीय संघ के 10 सदस्य ऊर्जा के लिए रूस पर निर्भर हैं। अगर रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्जा करने के समय जर्मनी ने रूस से अपने ऊर्जा समझौते की समीक्षा की होती, तो क्या आज वह रूस पर इतना निर्भर होता? क्या यूरोप अपने ऊर्जा ग्रिड को आत्मनिर्भर बनने के लिए तैयार नहीं कर सकता था? द वर्ल्ड फॉर सेल के लेखक जेवियर ब्लास कहते हैं, 'जब से लड़ाई शुरू हुई, रूस की गैस की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।'

दशकों से अमेरिका और उसके सहयोगियों ने अपनी ऐच्छिक सोच को ही रणनीति के रूप में पेश किया है। अमेरिका और नाटो सहयोगियों को उम्मीद थी कि शीतयुद्ध के बाद रूस शांतिपूर्ण और समृद्ध यूरोप के विचारों को आत्मसात करेगा। ऐसे ही निक्सन प्रशासन ने चीन से दोस्ती में निवेश किया। फिर उनकी सरकार ने इस उम्मीद में विश्व व्यापार संगठन में चीन के प्रवेश का समर्थन किया कि एक दिन चीन मुख्यधारा के लोकतंत्रों में शामिल हो जाएगा।

जो सवाल पश्चिम और नियम आधारित विश्व व्यवस्था को परेशान करना चाहिए, वह यह कि जब चीन जिनपिंग के अनुसार ताइवान को 'फिर से अपने साथ जोड़ने की तरफ बढ़ता है, तब उसके पास क्या विकल्प हैं? तब क्या अमेरिका और उसके सहयोगी प्रतिबंधों को निवारक के रूप में देख सकते हैं? जिस सवाल का उत्तर तलाशा जाना चाहिए, वह यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र अपने मौजूदा ढांचे में संप्रभुता और नियम आधरित विश्व व्यवस्था को संरक्षित कर पाता है? क्या पश्चिम सुरक्षा परिषद के और अधिक प्रतिनिधित्वशाली होने पर सहमत हो सकता है? कहा जाता है कि दशकों तक कुछ नहीं होता और फिर कुछ ही हफ्तों में दशकों का काम हो जाता है। इतिहास का अंत इतिहास की शुरुआत भी है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## शिव सत्संग मण्डल का महाशिवरात्रि महोत्सव आज

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मण्डल, 01 मार्च, मंगलवार की सायं 08 बजे से महाशिवरात्रि महोत्सव, शिव सत्संग मण्डल आश्रम, ग्राम हुसैनापुर धौकल (मियांपुर) में मनाएगा।यह जानकारी देते हुए मण्डल के राष्ट्रीय महामंत्री त्रिपुरेश पांडेय ने बताया कि संतों भक्तों के सानिध्य में होने वाला महाशिवरात्रि महोत्सव कई मायनों में खास होगा।जिसमें भारतीय आध्यात्मिक मूल्यों की समाज में पुनर्स्थापना एवं शिव आराधना विषय पर संवाद व प्रवचन कार्यक्रम होगा। शिव सत्संग मण्डल अपने स्थापना के समय से वेदान्त दर्शन को आत्मसात कर समाज, राष्ट्र एवं मानवता के कल्याण हेतु अपने दायित्व का निर्वहन कर रहा है। शिव सत्संग मण्डल ने अब तक समाज के तमाम प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास कर उन्हें स्वावलंबी बनाकर राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ा है।इस बार धर्म अध्यात्म के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वाले कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित किए जायेंगे। मण्डल के संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने बताया कि शिव सत्संग मण्डल के तत्वावधान में वर्ष में एक बार आयोजित होने वाला यह महोत्सव



श्रद्धालुओं की आस्था,श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। महाशिवरात्रि पर आश्रम स्थित सिद्धनाथ बाबा मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त 04 बजे से लगातार 24 घंटे शिव अर्चना के विशेष इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रचारक रविलाल ने बताया कि महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले धर्म–अध्यात्म उत्सव में सभी वर्गों संप्रदायों के सात्विक प्रवृत्ति के सभ्रांतजनों को सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया है।इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारीगण मार्गदर्शन के लिए भक्तिपूर्वक आमंत्रित किए गए हैं।

## काव्यगोष्ठी एवं परिचर्चा आयोजित कर सावरकर एवं आजाद को दी गई श्रद्धांजलि

जौनपुर जिला प्रतिनिधि : पत्रकारिता मिशन संस्था – हनुमान नगर, कांदिवली पूर्व, मुंबई– भारत के अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, क्रांति के महानायक चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर "पत्रकारिता मिशन संस्था" द्वारा संस्था कार्यालय हनुमान नगर कांदिवली ( पूर्व ) मुंबई, में काव्यगोष्ठी एवं परिचर्चा आयोजित कर वीर सावरकर एवं चन्द्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार सरताज मेंहदी सैय्यद ने की तथा प्रमुख वक्ता के तौर पर वरिष्ठ पत्रकार – साहित्यकार श्री राजेश विक्रांत तथा वरिष्ठ शिक्षक श्री हरिश्चंद्र सिंह सत्यवादी उपस्थित रहे । " मैं आजाद था , आजाद हूँ और आजाद रहूँगा " इन्हीं शब्दों के साथ अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार श्री सरताज मेंहदी ने कहा कि – भारत महापुरुषों की भूमि है और यहाँ जन्म पाना परम सौभाग्य का विषय है । उन्होंने आगे कहा कि , उन्हें गर्व है कि – उनकी जन्मभूमि संगम क्षेत्र और कर्मभूमि मुम्बई दोनों विश्व पटल पर स्वर्णिम अच्छरों में अंकित हैं । प्रमुख वक्ता के तौर पर उपस्थित श्री विक्रांत ने कहा कि – देश को आजादी दोनों विचारधाराओं के समन्वय से प्राप्त हुई है , इसलिए किसी एक विचारधारा को कमतर आंकने के बजाय सभी का सम्मान आवश्यक है जिसे पत्रकारिता मिशन संस्था द्वारा बखूबी आगे बढ़ाया जा रहा है । वरिष्ठ शिक्षक श्री सत्यवादी ने कहा कि आजादी के लिये उत्तर से दक्षिण तक सभी महापुरुषों का अक्षुण योगदान रहा है और आज हमें इसी कड़ी के दो महापुरुषों को



एक साथ याद करने का अवसर पत्रकारिता मिशन संस्था की ओर से प्राप्त हुआ है जो गौरव का विषय है। काव्यपाठ – वरिष्ठ कवि राम सिंह, जवाहर लाल निर्झर, पत्रकार रवि यादव , राकेशमणि तिवारी तथा हरिश्चंद्र सिंह सत्यवादी ने किया । परिचर्चा एवं काव्यगोष्ठी का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष वरिष्ठ कवि राम सिंह ने किया और अंत में संस्था के अध्यक्ष श्री राकेशमणि तिवारी ने सभी उपस्थित महानुभावों का हृदय से आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम के सहयोगी के तौर पर संस्था के सचिव विनय प्रकाश दुबे , कोषाध्यक्ष अनुराग मिश्र , अखिलेश एच पाण्डेय, चन्द्रगुप्त चौहान , रविन्द्र कुमार सिंह एवम् शिवम तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर कल करेंगे जनसम्पर्क

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री व भाजपा के महाराष्ट्र के प्रदेश उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह बुधवार को सदर विधानसभा में पदयात्रा करते हुए डोर टू डोर जनसम्पर्क कर भाजपा के लिए मतदान करने का आह्वान करेंगे।उक्त जानकारी भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता/मीडिया पैनलिस्ट ओमप्रकाश सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह का जनसम्पर्क अभियान बुधवार को जौनपुर नगर के पॉलीटेक्निक चौराहा से प्रारम्भ होकर रूहट्टा होते हुए कोतवाली चौराहा पर समाप्त होगा,जहाँ वे नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे।इस संदर्भ में ओमप्रकाश सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं व साथियों से निवेदन किया है कि वे ससमय उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

## आजमगढ़ में 50 हजार का इनामी शराब माफिया नईम घायल

आजमगढ़ ब्यूरो : जहरीली शराब कांड में फरार चल रहे शराब माफिया व 50 हजार का इनामी नईम मंगलवार की सुबह अहरौला थाना अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुई मुठभेड़ में घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। माहुल जहरीली शराब कांड में दर्जन भर से अधिक लोगों की मौत हुई है। इस घटना के बाद पुलिस ने अहरौला थाना के रूपईपुर गांव में छापेमारी कर दवा निर्माण लाइसेंस पर संचालित हो रहे अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा किया था। इस दौरान सात लोग गिरफ्तार किए गए थे तो छह फरार घोषित किए गए थे। फरार लोगों चार सगे भाई शामिल थे। जिन पर डीआईजी ने 50–50 हजार का ईनाम घोषित किया था। वहीं दो पर एसपी ने 25–25 हजार का ईनाम घोषित किया था। 50 हजार के एक इनामी नदीम को पुलिस ने फुलवरिया–सोफीपुर मोड़ पर मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया था तो वहीं 25 हजार



के दोनों अभियुक्तों को देवगांव व फूलपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मंगलवार को नदीम के भाई व 50 हजार के ईनामी अपराधी नईम को पुलिस ने एक्सप्रेस वे पर ही मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल व कार बरामद किया है। घटना के समय नईम कार से कहीं भाग रहा था।

## चोलापुर में दिनदहाड़े महिला के गले से चेन छीनकर भाग निकले बदमाश

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के चोलापुर थाना क्षेत्र में अजगरा चौकी अंतर्गत बाबतपुर ग्राम सभा के नेवादा नाबिक बस्ती की महिला के गले से सोने की चेन छीनकर बदमाश भाग निकले। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। पुलिस के अनुसार युवक की पहचान महिला के द्वारा की गई है। बाबतपुर गांव की रहने वाली फूलदेई अपने घर से सरकारी राशन की दुकान पर गई थी, दुकान से खाद्यान्न लेकर महिला घर वापस लौट रही थी उसी बीच गले से चेन खींचकर बदमाश भाग निकला। महिला चिल्लाती रही, आसपास के लोग इकट्ठा हुए और जानकारी घर के लोगों को मिली। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि महिला ने एक युवक की पहचान की है।

## टी0डी0इण्टर कॉलेज जौनपुर में कार्मिकों का प्रशिक्षण संम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल संपन्न कराने हेतु टी0डी0इण्टर कॉलेज जौनपुर में कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण दिनांक 28 फरवरी 2022 से दो पालियों में सम्पन्न हुआ। विधानसभा क्षेत्र जफराबाद की पार्टी संख्या 3369 से 3620, मछलीशहर की पार्टी संख्या 2897 से 2918 तथा मड़ियाहूं की पार्टी संख्या 2919 से 3258 कुल 440 पीठासीन अधिकारी, 440 प्रथम मतदान अधिकारी, 440 द्वितीय मतदान अधिकारी व 440 तृतीय मतदान अधिकारियो को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण 29 कमरों में 11–11 पोलिंग पार्टियों का बैच बनाकर कराया गया। प्रत्येक कमरों में मास्टर ट्रेनर द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया तथा कमरों में ही ईवीएम मशीन का हैंड्स टू हैंड्स ट्रेनिंग भी कराया गया। ट्रेनिंग के उपरांत प्रत्येक पीठासीन अधिकारी तथा प्रथम मतदान अधिकारी को प्रशिक्षण के संबंध में एक संक्षिप्त परीक्षा ली गई इस परीक्षा में कुल 25 लिखित प्रश्न तथा 25 बहुविकल्पी प्रश्न शामिल किए गए थे। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रश्न पत्र की जांच कर उत्तीर्ण होने वाले पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को कमरे से बाहर जाने की अनुमति प्रदान किया गया। प्रथम पाली के प्रशिक्षण में मा0 प्रेक्षक मड़ियाहूं श्री मेघू बरैक व मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला व जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह द्वारा टी0डी0कॉलेज के सभी 29 कमरों में भ्रमण कर प्रशिक्षण व्यवस्था को देखा गया तथा कमरों में प्रशिक्षण ले रहे कार्मिकों को प्रशिक्षित भी किया गया। मा0 प्रेक्षक महोदय द्वारा कार्मिकों को पीपीटी में बताए गए निर्देशों को आत्मसात करके ईवीएम तथा वी0वी0पैट के प्रयोग में क्या सावधानियां बरती जाए के संबंध में अवगत कराया गया। सभी कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि सभी लोग आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरसः पालन करेंगे तथा जिन बूथों पर आपकी ड्यूटी लगेगी वहां पर निष्पक्ष मतदान कराएंगे। 28 फरवरी 2022 को प्रथम पाली में कुल 16 अनुपस्थित पाए गए। जिसमें 05 पीठासीन अधिकारी, 08 द्वितीय मतदान अधिकारी व 03 तृतीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित थे। द्वितीय पाली में कुल 16 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।जिसमें 05 पीठासीन अधिकारी, 01 प्रथम मतदान अधिकारी, 07 द्वितीय मतदान अधिकारी तथा 03 तृतीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। सभी 32 अनुपस्थित कर्मचारियों का विवरण निम्नवत है– बबीता श्रीवास्तव, शिल्पा तिवारी, अमृता निषाद, अखिलेश यादव, सल्लू देवी, रिपु सूदन सिंह, अर्चना सिंह, महातिम सिंह, रेनू सिंह ,देवेश कुमार, निशा सिंह, सुमन नरेंद्र मौर्या, अविनाश कुमार शुक्ला, शेर बहादुर यादव, कमलेश कुमार, विजय प्रकाश मिश्र, शालिक राम, बबीता श्रीवास्तव, रेखा सिंह, महंत लाल, कृपा सागर, रुचि पांडे, नेहा यादव, जितेंद्र कुमार यादव ,शेर बहादुर मौर्या, सुमैया फातमा, विमल सिंह, विपुल दुबे, उमाकांत पांडेय तथा प्रीति मौर्या। अनुपस्थित के विरुद्ध प्रथम प्राथमिकता रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए संबंधित विभागाध्यक्ष को निर्देशित प्रभारी अधिकारी कार्मिक के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण, अधिकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी के साथ–साथ अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मचारियों द्वारा पोस्टल बैलट के माध्यम से अपना मतदान भी किया गया।

## मतदाताओं को जागरूक करने हेतु बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

जौनपुर सू.वि. : इंग्लिश क्लब में बनें बैडमिंटन कोर्ट पर मतदाता जागरूकता बैडमिन्टन प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रेक्षक सचिन राणा, हिमांशु कौशिक, अजीत कुमार रंजन व उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को मतदाता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रेक्षक सदर हिमांशु कौशिक ने कहा कि लोकतंत्र की व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए चुनाव होता है, जहां आप सभी मतदाता चुनाव कर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं। 7 मार्च को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा, आप सभी भयमुक्त होकर निष्पक्ष मतदान करें। मा० प्रेक्षक जफराबाद सचिन राणा ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का पर्व है, इस पर्व को उत्साह पूर्वक मनाये और शत प्रतिशत मतदान करें। मा० प्रेक्षक मछलीशहर अजीत कुमार रंजन ने कहा कि आपको संविधान ने जो मताधिकार प्रदान किया है, उसका प्रयोग करने का समय आ गया है, इसलिए 7 मार्च को मतदान कर अपना फर्ज निभाये। उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल ने जनपद वासियों से अपील किया कि 7 मार्च को पहले मतदान करें फिर उसके बाद कोई कार्य करें। आपका वोट देना आपकी बेहतरी



के लिए जरूरी है। प्रतियोगिता में बालिकाओं में शिवानी मौर्य प्रथम, भाविका सिंह द्वितीय, बालक वर्ग में अभिषेक मौर्य प्रथम, हर्ष सिंह द्वितीय स्थान पर रहें। राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी बाबा मौर्य की देखरेख में बैडमिंटन खेल का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, एस के श्रीवास्तव, एस के सिंह, आशीष त्रिपाठी, गणेश प्रसाद मौर्य, मो फैज, शिव शंकर साहनी, डा एन डी पाठक, चन्द्रकान्त पहवा, महेश यादव, दीपक आनन्द सहित जौनपुर क्लब के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## थाना सुरेरी पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ शातिर चोर गिरफ्तार


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध अभियान एवं आगामी विधान सभा चुनाव 2022 के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के निर्देशन में थाना सुरेरी पुलिस द्वारा अभियुक्त अरविन्द यादव पुत्र तिलकधारी यादव निवासी सिधवन थाना रामपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार कर कब्जे से एक चोरी मोटरसाइकिल व एक मोबाइल बरामद किया गया है, जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर दिनांक 01.03.22 को मु0अ0स0 25/22 धारा 411/419/420/482 भा0द0वि0 बनाम अरविन्द यादव उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत कर अभि0 उपरोक्त को मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. अरविन्द यादव पुत्र तिलकधारी यादव निवासी सिधवन थाना रामपुर जनपद जौनपुर। अपराधिक इतिहास अभियुक्त– 1. मु0अ0स0 99/21 धारा 356/411 भा0द0वि0 थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 25/22 धारा 411/419/420/482 भा0द0वि0 थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.एक



मोटरसाइकिल UP 66 Y 5568 2.एक मोबाईल VIVO रंग नीला गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. थानाध्यक्ष श्री राजनारायन चौरसिया थाना सुरेरी जनपद जनपद जौनपुर। 2. चौकी प्रा0 उ0नि0 अजय कुमार शर्मा थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 3. हे0का0 अनिल कुमार सिंह सुरेरी जनपद जनपद जौनपुर। 4.का0 संतोष यादव थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 5. का0 रोहित यादव थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 6.का0 सौरभ कुमार थाना सुरेरी जनपद जौनपुर।

## थाना खेतासराय पुलिस द्वारा गैंगस्टर में निरुद्ध व शातिर गोतस्कर को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के तहत सम्पत्ति की जब्तीकरण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खेतासराय श्री प्रकाश राय द्वारा मुअ0सं0–0019/2022 धारा–3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम में शातिर गौ तस्कर 1. संतोष यादव पुत्र हरिश्चंद्र यादव निवासी खुटहन थाना खुटहन जनपद जौनपुर द्वारा अवैध अर्जित धन से क्रय की गयी ट्रक अनुमानित कीमत 25 लाख रूपये को माननीय न्याया0



जिला मजिस्ट्रेट जौनपुर के आदेश दिनांक–21.02.2022 के क्रम में उक्त ट्रक को जब्त किया गया।

## सस्ती और प्रदूषण रहित है सौर ऊर्जा : डॉ रितु श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 470 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी में राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला नई दिल्ली की वैज्ञानिक डॉ. रितु श्रीवास्तव ने सतत ऊर्जा के लिए फोटोनिक डिवाइस विषय पर विस्तार से समझाया। फोटोनिक डिवाइस प्रकाश ऊर्जा का सतत और स्वच्छ स्रोत है। डॉ. श्रीवास्तव ने ऑर्गेनिक सोलर सेल पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सोलर ऊर्जा का ही देश में भविष्य है जो कि देश को प्रदूषण मुक्त करने में सहायक होगा। इसमें अधिक उत्पादन और कम लागत भी आएगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विज्ञान और तकनीक के सम्मिलित प्रयास टिकाऊ भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। इस मौके पर उन्होंने सी. वी. रमन के जीवन पर भी प्रकाश डाला। कहा कि सिर्फ भारतीयों का पास ही सिद्धांत की अवधारणा स्पष्ट है इस कारण विश्व के जिन भी देश में वे काम के लिए गए वहां उन्होंने वहां देश का नाम रोशन किया। इस मौके पर इसरो लखनऊ के मिर्जा मोहम्मद जहीर ने सैटेलाइट कम्युनिकेशन विषय पर अपना व्याख्यान दिया। जहीर ने सेटेलाइट के कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विश्व भर में प्रयोग हो रहे विभिन्न नेविगेशन सिस्टम के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि इसरो ने नाविक नाम का नेविगेशन सिस्टम बनाया है, जिसे 2019 में मान्यता मिल चुकी है। नाविक की मदद से समुद्री क्षेत्र में मछुआरों को तथा युद्ध के समय में भारतीय सेना को बहुत मदद मिलेगी। इसरो लखनऊ के डॉ दिनेश कुमार मिश्रा ने भारतीय अंतरिक्ष मिशन पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ मिश्रा ने अब तक भारत द्वारा अंतरिक्ष में किए गए अभियानों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही प्रयास में मंगल पर पहुंच गया और चंद्रयान–2 और मंगलयान–1 सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं और समय से हमें सूचना दे रहे हैं। सेमिनार में रज्जू भैया संस्थान के निदेशक सेमिनार के सह संयोजक प्रो. देवराज सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इंजीनियरिंग संस्थान के संकायाध्यक्ष सेमिनार के संयोजक प्रो. बी. बी. तिवारी ने संगोष्ठी की विस्तृत रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन रामांशु और धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डा. धीरेंद्र कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रो. रामनारायण, प्रो अजय द्विवेदी, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ राजकुमार, डॉ संतोष कुमार, डॉ मनोज मिश्रा, डॉ ध्मनीष कुमार गुप्ता, डॉ सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ नितेश जायसवाल, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ. रजनीश भास्कर, डॉ रविप्रकाश, डॉ. गिरधर मिश्र, डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह, डा. पुनीत धवन, डा. काजल डे, डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ.दिव्येंदु मिश्र, सौरभ सिंह, पूनम सोनकर जया शुक्ला, सुधीर सिंह, रितेश बरनवाल व अन्य शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

## तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर में संस्थापक दिवस कार्यक्रम संपन्न

जौनपुर ब्यूरो : तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर में संस्थापक दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक सेवा आयोग के चेयरमैन माननीय संजय श्रीनेत रहे ,तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जौनपुर की ही माटी के लाल, लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रोफेसर आर.एन.त्रिपाठी रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कुलपति प्रोफेसर कीर्ति सिंह ने किया,महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर श्री प्रकाश सिंह जी कहां की ठाकुर तिलकधारी सिंह एक महान जननायक, शिक्षा नायक ,और समाज नायक थे। प्रबंधक श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार ब्यक्त किया, और कहा की महाविधालय आप सब के सहयोग से विकास की राह पर ले जाने का प्रयास करूंगा ।स्वागत प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार सिंह ने किया ।कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं डीन, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षा संकाय और ओजस्वी वक्ता डॉक्टर समर बहादुर सिंह ने किया, महाविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आ.यन् ओझा ने बहुत ही सुंदर रूपों मे प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजीव प्रकाश सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने कहा कि अच्छे संस्कार और ज्ञानवान छात्रों को समाज मे भेजना ही,महाविद्यालय के संस्थापक के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होंगी, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक सेवा आयोग के सदस्य एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर आर.यन त्रिपाठी ने कहा कि ठाकुर तिलकधारी सिंह जी की सर्जना शक्ति को आगे बढ़ाना है, प्रोफेसर त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समाज में लोग भौतिकता में नैतिकता को त्याग दिया है, हमारे महाविद्यालय में संस्कृत एवं संस्कार युक्त पौधों को लगाना ही, हमारी तिलकधारी सिंह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि यह महाविद्यालय श्रीप्रकाश, आलोक एवं राघवेंद्र सभी का संगम है यहां अच्छा चरित्र और संस्कारों दीप प्रस्फुटित होता है। उन्होंने ठाकुर तिलकधारी सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ठाकुर तिलकधारी सिंह



निश्चित रूप से अपने जीवन में सत्य अहिंसा और समरसता को धारण किया होगा ।जिसका यह पुष्पित और पल्लवित रूप है ।मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि ने कहा कि यहां के छात्र ,प्राध्यापकों को अपनी प्रज्ञाशीलता को बढ़ाना होगा ,जो ठाकुर तिलकधारी सिंह की सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि चातुर्य और प्रज्ञा का संगम ही अच्छे संस्कार को जन्म देता है ।बच्चों को अपने संस्कार गुरु और महाविद्यालय की गरिमा को बचाकर के रखना है। उन्होंने विद्यार्थियों को हनुमान और मेघनाथ की विशेष स्वरूपों के माध्यम से समझाया उन्होंने कहा कि पुरुषार्थ और भाग्य के साथ ही आप का विकास हो सकता है। हम अपने जीवन में राम रसायन संस्कार को धारण करना होगा, कार्यक्रम में महाविद्यालय संस्थापक परिवार एवं प्रबंध समिति सदस्य श्री प्रकाश सिंह, प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष दुष्यंत सिंह श्री विन्द् प्रताप सिंह, डॉक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह, गिरीश चंद्र सिंह तिलकधारी इंटर कॉलेज के प्रबंधक सत्य प्रकाश सिंह प्रधानाचार्य वीरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर राधेश्याम सिंह ,दिनेश सिंह ,डॉक्टर डी.आर सिंह पूर्व शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव प्रकाश सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ की अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार सिंह चीफ प्रॉक्टर डॉ राजीव रतन सिंह डॉ अरुण चतुर्वेदी डॉ राजीव सिंह डॉ हरिओम त्रिपाठी डॉ शैलेंद्र सिंह डॉक्टर शैलेंद्र सिंह वक्त जितेश सिंह देवेंद्र सिंह डॉक्टर शिखा श्रीवास्तव माया सिंह रजनी सिंह एसएन उपाध्याय डॉ महेंद्र त्रिपाठी, डॉ प्रदीप सिंह मनोज कुमार सिंह डॉक्टर रजनीश सिंह एनसीसी के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता रैली निकालकर 7 मार्च को मतदान करने हेतु किया प्रेरित

जौनपुर सू.वि. : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जिला प्रशासन व अमर उजाला के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली बी आर पी इन्टर कालेज से निकली गई। रैली को अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश व उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में कालेज के छात्र–छात्राएं मतदाता जागरूकता बैनर तख्ती लिए व मतदान करने की अपील करते हुए चल रहे थे तथा आगे माइक पर मतदाता जागरूकता प्रेरणादाई गीत बजता चल रहा था। रैली रोडवेज तिराहा, ओलंदगंज, शाहीपुल, चहारसू कोतवाली चौराहा, नवाब युसुफ रोड होते हुए मोहम्मद हसन कालेज मैदान तक गई। जहां मतदाता की शपथ दिलाई गई। रैली में बीआरपी इन्टर कालेज, मोहम्मद हसन इ. का. व डिग्री कालेज, जनक कुमारी इ. का, सरस्वती बालिका इ. का, गुलाबी देवी बालिका इ. का, नेहरू बालोद्यान कालेज के छात्र छात्राएं, व लायन्स क्लब जौनपुर मेन के सदस्य आदि




सहित लगभग चार हजार लोगों ने सहभागिता किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश ने कहा कि मतदाता होने पर गर्व महसूस करें, और अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए अपना कर्तव्य निभाते हुए 7 मार्च को मतदान जरुर करें। सभी मतदाता शत–प्रतिशत मतदान करें, जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़े। उप जिलाधिकारी हिमांशु नागपाल ने कहां कि 7 मार्च को सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर सर्व प्रथम मतदान करें। मतदान सबसे बड़ा दान है। मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओं की भागीदारी जरूरी हैं। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक आर के पंडित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, प्रधानाचार्य डा सुभाष सिंह, डा नासिर खान, डा जंग बहादुर सिंह, डा उदयराज सिंह, लायन्स क्लब जौनपुर मेन अध्यक्ष मदन गोपाल गुप्ता, जीहशम मुफ्ती, स्काउट डीओसी राकेश मिश्रा, प्रेम चन्द्र, प्रकाश यादव व डा विमल सहित कालेज के छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

## टीडी कालेज के मैदान में प्रधानमंत्री मोदी का कार्यक्रम होना हुआ सुनिश्चित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि मोदी जी का कार्यक्रम तिलकधारी सिंह



महाविद्यालय के उमानाथ सिंह स्टेडियम में 3 मार्च को समय 11 बजे होना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक, जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी एव जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, धनन्जय सिंह, रोहन सिंह के साथ ग्राउंड का निरीक्षण किया और उसी ग्राउण्ड में कार्यक्रम होना निश्चित हुआ। फाइनल होते हुये कार्यक्रम की तैयारी जोरो शोरो से शुरू हो गई। कार्यक्रम स्थल पर टेन्ट हाउस के सामान गिरने लगे है।

## दक्षिणा काली मंदिर का मनाया गया दो दिवसीय 39वां वार्षिक स्थापना दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिटी स्टेशन रेलवे क्रॉसिंग स्थित प्रसिद्ध दक्षिणा काली मंदिर का दो दिवसीय 39वां वार्षिक स्थापना दिवस व भव्य श्रृंगार उत्सव महाशिवरात्रि को मनाया धूमधाम से मनाया



जा रहा है। जिसमें प्रथम दिन 1 मार्च मंगलवार को श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन व दूसरे दिन 2 मार्च बुधवार को महाप्रसाद वितरण एवं देवी जागरण का कार्यक्रम होगा। मंदिर के पुजारी भगवती सिंह वागीश ने लोगों से आवाहन किया है कि श्रृंगार उत्सव में आकर पुण्य के भागीदार बने। मंदिर के बारे में ऐसी मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से मां काली के दरबार में उपस्थित होकर मन्नत मांगता है उसकी मनोकामना जरूर पूरी होती हैं मां के दरबार में जनपद ही नहीं अगल–बगल के जनपदों के लोग भी अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं और उनकी मुरादें जरूर पूरी होती हैं।

## प्रतियोगिताओ में पूजा सत्यार्थ सुंदरम हर्षवर्धन रहे अव्वल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर हुई प्रतियोगिताओं के परिणाम देर शाम घोषित किए गए। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर बीबी तिवारी सहसंयोजक प्रोफेसर देवराज सिंह आयोजन सचिव डॉक्टर धीरेंद्र चौधरी रहे। रंगोली में पूजा चौहान (बीएससी प्रथम वर्ष) प्रथम स्थान, श्रुति मौर्य (आईटी तृतीय वर्ष) द्वितीय, शिवांगी श्रीवास्तव (एम एससी अंतिम



वर्ष)तृतीय स्थान रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में आराधना (बी.टेक सीएसई तृतीय वर्ष )प्रथम स्थान, शिवम चौबे (बीएससी द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान, अंशु यादव (बी. टेक ईसी तृतीय वर्ष ) तीसरे स्थान पर रहीं। एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में सत्यार्थ शुक्ला (बी. टेक ईसी द्वितीय वर्ष)प्रथम स्थान, शिवानी जायसवाल (एमएससी द्वितीय वर्ष)द्वितीय स्थान, प्रियांशी यादव (बीएससी द्वितीय वर्ष)तृतीय स्थान। निबंध मे सुंदरम दुबे (बी. टेक ईसी चौथा वर्ष)प्रथम स्थान, पीयूष कुमार प्रजापति (बी.टेक ईआई तृतीय वर्ष)द्वितीय स्थान, अमन कुमार (बी. टेक एमई द्वितीय वर्ष )द्वितीय स्थान पर रहे विशाल कुमार गौतम (बी.टेक ईसी चौथा वर्ष)तृतीय स्थान समन कैंसर (बी.टेक ईआई चौथा वर्ष)तृतीय स्थान रहे। इसी क्रम में क्विज में धौर्यतोश राओ (एम. एसी द्वितीय वर्ष),,अमित कुमार (एम. एसी द्वितीय वर्ष), प्रिंसी शुक्ला (एम. एसी द्वितीय वर्ष)प्रथम स्थान, मधु दिवेद्वी ( बी.टेक ईसी तृतीय वर्ष), दीपा प्रजापति ( बी.टेक ईसी तृतीय वर्ष) लकी उपाध्याय ( बी.टेक ईस द्वितीय वर्ष)द्वितीय स्थान शिवानी जायसवाल (एमएससी द्वितीय वर्ष),प्रियांशी यादव (बीएससी द्वितीय वर्ष) –तृतीय स्थान पर रहे। प्रदर्शनी में हर्षवर्धन दीक्षित (बी.टेक इसी तृतीय वर्ष) प्रथम स्थान, अंशिका सिंह और समूह(बी. एससी तृतीय वर्ष) द्वितीय स्थान, हर्षप्रताप सिंह राजपूत और समूह(बी.टेक इसी द्वितीय वर्ष) तीसरे स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर राम नारायणन, डॉ.राजकुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ मनीष कुमार गुप्ता, डॉ रजनीश भास्कर, डॉ अमरेंद्र सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ प्रवीण कुमार सिंह, डॉक्टर काजल डे, कृष्ण कुमार यादव, डॉ पुनीत धवन,पूनम सोनकर, जया शुक्ला, रितेश बरनवाल, सुधीर कुमार सिंह इत्यादि रहे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रैली के तैयारी में आवश्यक बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के रैली को लेकर तैयारी को लेकर बैठक हुई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा उपस्थित रहे, मोदी जी के रैली में कोई अव्यवस्था ना हो इसके लिये एक कमेटी का गठन किया गया जो मोदी के रैली को 3 मार्च तक दिन रात एक कर पीएम के रैली को सफल बनायेंगे। कार्यक्रम के दृष्टि से पूरे कार्यक्रम व्यवस्था प्रमुख सुशील मिश्र को बनाया गया है। संख्या प्रमुख सुनील तिवारी, मनोज दुबे को बनाया गया, मंच व्यवस्था प्रमुख ई० अमित श्रीवास्तव, डॉ अजय सिंह, सेफ हाउस भूपेंद्र पाण्डेय, धनन्जय सिंह, राजेन्द्र श्रीवास्तव, कार्यक्रम स्थल व्यवस्था पीयूष गुप्ता, इन्द्रसेन सिंह, राजेश सोनकर, रमेश जायसवाल, माईक और लाइट व्यवस्था धर्मपाल कन्नौजिया, कमलेश सिंह, प्रशासनिक अनुमति एवं समन्वयक प्रमुख विनीत शुक्ला, सुरेश चन्द्र गुप्ता, वाहन व्यवस्था प्रमुख अभय राय, बृजेश सिंह, यातायात प्रमुख ऋषिकेश श्रीवास्तव, जयेश सिंह, पार्किंग व्यवस्था प्रमुख नरेन्द्र उपाध्याय, नीरज मौर्य एवं उनकी टीम, प्रचार–प्रसार प्रमुख अनिल गुप्ता, विजय पटेल, रैली स्थल पर व्यवस्था डॉ उमाशंकर सिंह, सुदर्शन सिंह, सुरक्षा एवं ब्लॉक मैनेजमेंट दिव्यांशु सिंह और उनकी टीम, महिला व्यवस्था प्रमुख रागिनी सिंह एव उनकी टीम, पेयजल प्रमुख नंदलाल यादव, स्वच्छता प्रमुख विपिन सिंह, अभिषेक दुबे, चिकित्सा प्रमुख डॉ अमरनाथ पाण्डेय एवं उनकी टीम, शोशल मीडिया प्रमुख सिद्धार्थ राय, शिवम पाल, हर्ष मोदनवाल, संदीप अग्रहरी, फोटोग्राफर व वीडियो ग्राफी प्रमुख प्रतीक मिश्रा, सुशांत चौबे, आईटी प्रमुख रोहन सिंह, राजेश जायसवाल,अवनीश



यादव, मीडिया प्रमुख आमोद सिंह, राजेश पाण्डेय, हैलीपैड प्रमुख ओमप्रकाश सिंह, सुरेन्द्र चौहान बनाये गये। मुख्य अतिथि सुनील ओझा ने कहा कि कार्यक्रम के लिये समय बहुत कम है कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये संख्या की चिंता संख्या प्रमुख करें। प्रत्येक मण्डल से।महिलाएं आये इसकी चिंता करनी है और उनको बैठने की अलग व्यवस्था करना है। पेयजल, शौचालय, स्वच्छता एव सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना है। शोशल मीडिया प्रमुख और प्रचार प्रमुख का काम है कि कार्यक्रम का आज से ही प्रचार प्रसार में लग जाये, मीडिया का काम है कि इलेक्ट्रॉनिक चौनल पर और प्रिंट मीडिया में दो दिन पहले से ही खबर जाने लगे कि उनका कार्यक्रम कहा और कब है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के रैली में एक लाख भीड़ के बैठने की व्यवस्था करनी है, उसके लिये पर्याप्त मात्रा में कुर्सी रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने की, उक्त अवसर पर कार्यक्रम व्यवस्था प्रमुख सभी सदस्य उपस्थित रहें।

## लायंस क्लब क्षितिज ने दिलाई 7 मार्च को मतदान करने की शपथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद जौनपुर की समाज सेवा क्षेत्र की अग्रणी संस्था लायंस क्लब क्षितिज ने सभी को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें लोगों को 7 मार्च को होने वाले चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में बूथों पर पहुंचकर मतदान करने के लिए लोगों में उत्साह भरा गया। इस अवसर पर स्वीप कोऑर्डिनेटर लायन सैयद मोहम्मद मुस्तफा ने बताया कि मतदान का प्रतिशत गांव की अपेक्षा शहरों में कम है अतः शहरी मतदाता इस बार इस प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक घरों से निकलकर मतदान करें और आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। यदि हमारे जनपद जौनपुर का मतदान 70: या उससे अधिक हो जाता हैं तो हमारे जौनपुर का नाम उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर होगा इसी कड़ी में मुस्तफा जी ने सभी को शपथ दिलाई कि 7 मार्च को होने वाले मतदान में हम सब इस महापर्व के सहभागी बने और अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। लायंस क्लब क्षितिज के अध्यक्ष लायन जय कृष्ण साहू जैकी ने आए हुए सभी लोगों का अभिवादन किया व आगे होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की तथा अगले 7 मार्च तक इस मतदाता जागरूकता अभियान को लगातार चलाने का आश्वासन दिया व कई बूथों पर मतदाता जागरूकता सेल्फी प्वाइंट लगाने का वादा भी किया। इस अवसर पर लायंस क्लब क्षितिज के निवर्तमान अध्यक्ष व जोन चेयर पर्सन लायन दिलीप सिंह ने कहा कि आप सभी समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं अतः आप समाज को मतदान के लिए जागरूक करें। आप अपने आसपास के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित करें।क्योंकि हमारे सारे पर्व प्रतिवर्ष आते हैं लेकिन यह महापर्व केवल 5 वर्षों में एक बार ही मनाने का मौका मिलता है अतः 7 मार्च के इस महापर्व को आप सभी ऐतिहासिक बनाने में अपनी भरपूर सहभागिता दे। संस्थापक अध्यक्ष लायन शशांक सिंह रानू ने भी सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया व कहा कि आप अपने मनपसंद प्रत्याशी व सरकार को मत अवश्य दें। अपना प्रतिनिधि चुनने में जनता स्वयं जिम्मेदार होती है। इसलिए लोकतांत्रिक प्रणाली में मतदान का विशेष महत्व है। मतदाता देश के विकास की एक अहम कड़ी होता है। जो देश या प्रदेश की कमान अपने द्वारा चुने गए प्रतिनिधि




के हाथों में सौंपता है। इस प्रकार एक सही प्रतिनिधि का चयन करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति में मतदान को लेकर जागरूक होना अनिवार्य है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सचिव प्रदीप सिंह ने कहा भारत एक लोकतांत्रिक देश है। जिसका अर्थ यह है कि यहां की सरकार लोकतंत्र के नियमों के आधार पर चुनी जाती है। लोकतंत्र के नियमों में 5 वर्षों में एक बार ही चुनाव किया जाता है। 5 वर्षों में एक बार होने वाले इस चुनाव में विशेष भूमिका हम सभी नागरिकों की होती है और हमारा एक एक वोट हमारे मनपसंद की पार्टी या नेता का चुनाव करता है। अतः अपने मत को बेकार मत जाने दे अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और आसपास के लोगों को भी किसी भी तरह से समझा–बुझाकर पोलिंग बूथ तक जरूर लेकर जाएं जिससे इस राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से संपन्न किया जा सके। इस मतदाता जागरूकता अभियान में चेयर पर्सन चेतना साहू, अर्चना सिंह, सचिव नीतू सिंह, कोषाध्यक्ष अजीत सोनकर, सुषमा सोनकर, विष्णु सहाय, सीमा सहाय, अतुल सिंह,आराधना सिंह, सर्वेश जयसवाल, नीलम जयसवाल, धर्मेंद्र सेठ, किरण सेठ, संजय गुप्ता, आशीष सिंह, डॉक्टर प्रिया सिंह, जगन्नाथ मोदनवाल शुड्डू, दिलीप जायसवाल, बबिता जायसवाल, शिवेंद्र सेठ, आशीष मौर्य, वंशिका, अतुल चतुर्वेदी, विशाल बर्नवाल, एकता बर्नवाल, संजय जयसवाल, दीपशिखा, सुनील जायसवाल, देवानंद, शिल्की श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, राजीव गुप्ता संजय बैंकर, दीपक साहू, चांदनी साहू, डॉ प्रशांत द्विवेदी, डॉ आकांक्षा द्विवेदी, ज्योति जयसवाल आदि लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई वह अपने–अपने क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का वादा किया।

## बेखौफ लकड़ कट्टे रात मे काट कर उठा ले गए पेड़

अयोध्या ब्यूरो : रुदौली कोतवाली क्षेत्र मे लकड़कट्टे इतने बेखौफ हो गए कि इलेक्टिक आरा मशीन से एक ही रात मे कई कई पेड़ काट कर चोरी से उठा ले जाते है जब तक पेड़ मालिक को इसकी जानकारी होती है तब तक पेड़ की लकड़ी काफी दूर निकल जाती है ।ऐसा ही एक मामला रुदौली नगर का सामने आया है ।जहाँ लकड़ कट्टे तीन पेड़ काट कर उठा ले गए ।इसकी शिकायत भुक्त भोगी ने कोतवाली रुदौली के साथ साथ जन सुनवाई पोर्टल भी की है। जानकारी के अनुसार ग्राम जलाल पुर कोतवाली रुदौली निवासी राम रतन पुत्र राजा राम ने शिकायत की है कि मैंने एक प्लाट गाटा संख्या 1067 व 1067 /0.012 व 0.024 हे0 जो स्थिति मोहल्ला पूरे हुसैन खाँ(अकबरगंज)कस्बा रुदौली मे है ।अपने मित्र अलगू प्रसाद पुत्र राम हरख निवासी करीमपुर कोतवाली रुदौली के साथ मिल कर प्लाट खरीदा है ।रविवार की रात्रि 11 बजे मुझे मेरे प्लाट के अगल बगल वालो ने जानकारी दिया कि तुम्हारे प्लाट के पेड़ चोरी से काट लिए गए है ।मै मौके पर पहुंचा तो देखा कि मेरे प्लाट मे जो पेड़ तीन आम के पेड़ लगे थे उसके दो पेड़ आम के गायब थे एक पेड़ जो शीरसा का लगा था वह भी पेड़ गायब था अज्ञात व्यक्ति चार पहिया गाड़ी नम्बर युपी 42 बीएन 9099 से मेरे प्लाट पर थे जब उनसे पूछताछ किया तो बताया कि हम लोग शौकत के आदमी है ।जब तक हम बाइक खड़ी करते तब तक वह गाड़ी लेकर भाग निकले ।इस घटना की सूचना आधिवक्ता राम रतन ने 112 नंबर की पुलिस को दी ।मौके पर पुलिस आई थी तथा लिखित शिकायत नयागंज चौकी मे भी किया लेकिन अभी तक मामले मे कोई कार्यवाही नही हुई है ।इस सम्बन्ध मे जब चौकी प्रभारी नयागंज अविनाश से बात की तो उन्होने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है लेकिन अन्य कोई जानकारी नही मालूम है।

## सत्ता संग्राम की लड़ाई में जीत हार को लेकर प्रत्त्याशियो में उत्साह के साथ बनी असहज की स्थिति

अयोध्या ब्यूरो : सत्ता संग्राम की लड़ाई में गोसाईगंज विधान सभा में किस पार्टी नेता के सिर सजेगा विधायकी का ताज राज जानने को राजनैतिक पुरोहितों को चुनाव में जीत हार का गुणा भाग लगाने में सिर चकरा रहा है।जिससे राजनीतिक मुनीम भी हैरान हैं।2017 के चुनाव में कुर्मी मतों के सहारे बैतरणी पार कर चुकी भाजपा इस बार 2022 का चुनाव निषाद वोटों के सहारे चुनाव जीत के लिए इतिहास दोहराने को बेताब हैं तो सपा के अभय सिंह भी 2012 के चुनाव का इतिहास 2022 में दोहराने की आस में हैं।परन्तु बसपा के राम सागर वर्मा दोनों बाहुबलियों के बीच हुई काटे की लड़ाई में अपनी जीत का दावा ठोक रहे है।जिससे चुनाव में जीत हार का आंकलन कर पाना बड़ा मुश्किल सा दिख रहा है।जिस तरह यादव मुस्लिम ठाकुर मत अभय सिंह के साथ बहुमत में खड़ा दिख रहा हैं।उसी तरह ब्राहमण निषाद बैश्य मत भाजपा प्रत्त्याशी आरती तिवारी के पक्ष में खड़ा दिखा।लेकिन अंतिम समय मे कुर्मी निषाद व दलित मतों में बड़ा धुर्वीकरण हुआ है। इसी के साथ बड़ी संख्या में दलों में क्रास वोटिंग भी हुई हैं। बसपा प्रत्याशी राम सागर वर्मा के साथ उनका स्वजातीय मत 50: उनके साथ बहुमत में खड़ा दिखा पर बिरादरी के अन्य लोग सपा भाजपा में डुबकी लगाने को लुका छिपी का खेल खेल रहे थे।मोस्ट बैकवर्ड मतों में सपा प्रत्त्याशी का बोलबाला दिखा पर भाजपा इन मतों को सहेजने व रोकने की रणनीतिकारों की फौज खड़ी की थी। दलित वोटो में भी धुर्वीकरण सपा भाजपा ने की हैं।इस बार मतदाता सूची से काफी संख्या में वोटरों का नाम गायब रहा जिससे उनमें रोष दिखा।सपा बसपा भाजपा प्रत्त्याशी यहां अपने को अभी जीता हुआ मान रहे है।जिससे तीनो खेमो में जीत को लेकर उत्साह के साथ असहज का माहौल बना हुआ है।

## 11 कुंटल फूलों से सजी महर्षि बामदेव तपोस्थली : आज निकलेगी शिव बारात

अयोध्या ब्यूरो : महाशिवरात्रि का पर्व एक मार्च को मनाया जाएगा। लोग उपवास रखकर भगवान शिव की पूजा– अर्चना करेंगे। एक मार्च को नगर पंचायत कुमारगंज की गलियां बम–बम भोले के जयकारों से गूंज उठेगी। शिव बारात धूमधाम से निकाली जाएगी, अबीर–गुलाल व फूलों से बारात का स्वागत किया जाएगा। महाशिवरात्रि पर निकलने वाली बारात की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। महर्षि बामदेव श्रृंगार सेवा समिति के तत्वाधान में कस्बा कुमारगंज के हनुमान गढ़ी से शिव बारात को लेकर चलेंगे। बारात का समापन महर्षि बामदेव स्थान पर किया जाएगा। सेवा समिति के सदस्य ने बताया कि पूर्व में शिव बारात को कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुए निकाला जाएगा। पुलिस प्रशासन ने भी पुख्ता तैयारी कर ली हैं, जिससे शिव बारात में कोई आपत्तिजनक स्थिति उत्पन्न न हो।महाशिवरात्रि पर शिव बारात हनुमान गढ़ी कुमारगंज से शिवनाथपुर होते हुए थाना कुमारगंज बया महर्षि बामदेव आश्रम जाएगी वहां पर पूरे मंदिर को 11 कुंटल फूलों से सजाया गया है108 रूद्राभिषेक कार्यक्रम 108 यजमान द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा उसके बाद प्रसाद वितरण होगा झांकियों की पूजा अर्चना की जाएगी। शिव बारात में गणेश, सरस्वती, ब्राह्मा, राधा कृष्ण, मां महाकाली, मां दुर्गा सहित विभिन्न झांकियां होंगी। बारात में भोलेनाथ का भी रथ चलेगा। शिव बारात की तैयारियों पर थाना अध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह पुलिस जवानों के साथ महर्षि बामदेव स्थान पहुंचकर महर्षि बामदेव श्रृंगार सेवा समिति के सदस्यों व क्षेत्रीय लोगों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महर्षि बामदेव के पुजारी शिवराम दास ने बताया कि महर्षि बामदेव अस्थान त्रेतायुग रामायण कालीन मंदिर है यहां पर स्वयं शिवलिंग निकली हुई है यहां की विशेषताएं हैं कि जो मंदिर के मंदिर के चारों तरफ जो यह वटवृक्ष है यह एक विशेष प्रकार के वटवृक्ष हैं यहां पर आकर दर्शन करने से मन को शांति भी मिलती है।महंत शिवराम दास ने बताया कि बालकांड से लेकर उत्तरकांड तक अनेकों अस्थान महर्षि बामदेव का उल्लेख किया गया है।

## देश के प्रमुख शिव मंदिर में से एक है नागेश्वरनाथ : अयोध्या में भगवान श्रीराम के पुत्र कुश ने की थी स्थापना

अयोध्या ब्यूरो : अयोध्या का नागेश्वरनाथ मंदिर देश के शिवालयों में अहम स्थान रखता है। कहा जाता है कि भगवान श्रीराम के पुत्र कुश ने सरयूतट पर इनकी स्थापना की थी। यहां पर भगवान महादेव नागों केप्राणों की रक्षा करने के लिए प्रकट हुए, जिसके कारण वे नागेश्वरनाथ के नाम से प्रसिद्ध हैं। भगवान श्रीरामलला की जन्मभूमि पर बने मंदिर की ही तरह भगवाान शिव का त्रेता युग का यह प्रमुख मंदिर 27 विदेशी आक्रमणों को झेल चुका है। नागेश्वरनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्यामनेत्र दास ने बताया कि अयोध्या की पहचान सरयू की अविरल धारा के समीप भगवान शिव का यह शिवालय नागेश्वरनाथ असंख्य शिवभक्तों की आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। मान्यता के अनुसार, सावन मास में भगवान का अभिषेक करने से भक्त सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मलमास, शिवरात्रि में शिवालय में भगवान शिव के पूजन और अभिषेक से व्यक्ति की सभी कामनाएं पूरी होती हैं। शिवालय की स्थापना के विषय में बहुत से आख्यान और संदर्भ प्राप्त होते हैं। श्रृंगार के बाद इस रूप में सायंकाल दर्शन देते हैं नागेश्वरनाथ। स्वप्न के आधार पर कुश अयोध्या आए, धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीराम अनंत धाम जाने से पूर्व अयोध्या राज्य को आठ भागों में बांट दिया था। उन्होंने भरत के पुत्र पुष्कल और मणिभद्र लक्ष्मण के पुत्र अंगद और सुबाहु और शत्रुघ्न के पुत्र नील और भद्रसेन और अपने पुत्र लव और कुश को समान भागों में बांट दिया। इसमें कुश को कौशांबी का राज्य मिला। एक रात कुश को स्वप्न आया, जिसमें अयोध्या नगरी उनसे कह रही थी कि भगवान श्रीराम के अनंत धाम जाने के बाद मेरी स्थित पूर्व की भांति नही रह गई। अयोध्या की जिम्मेदारी हनुमानजी को सौंपी गई थी। लेकिन, वे अपने स्वामी की गद्दी पर बैठना अनुचित मानते हैं। इस कारण आप आकर अयोध्या पर शासन करें। इस स्वप्न के आधार पर कुश अयोध्या आकर इसे अपनी राजधानी बनाकर रहने लगे। नागेश्वरनाथ मंदिर का अस्तित्व 27 विदेशी आक्रमणों के बाद भी अखंडित है। शिव पुराण के एक आलेख के अनुसार, एक बार नौका बिहार करते समय उनके हाथ का कंगन सरयू में गिर गया। कंगन सरयू में वास करने वाले कुमुद नाग की पुत्री के पास गिरा। यह कंगन वापस लेने के लिए राजा कुश और नाग कुमुद के बीच घोर संग्राम हुआ। जब नाग को यह लगा कि वह यहां पराजित हो जाएंगे, तो उन्होंने भगवान शिव का ध्यान किया। भगवान ने स्वंय प्रकट होकर युद्ध को रूकवाया।कुमुद ने कंगन देने के साथ भगवान शिव से यह अनुरोध है कि उनकी पुत्री कुमुदनी का विवाह कुश के साथ करवा दें। कुश ने इसे स्वीकार किया और भगवान शिव से यह अनुरोध किया कि वे स्वयं यहां निवास करें। भगवान शिव ने उनकी इस याचना को स्वीकार कर लिया। नागों के ध्यान (रक्षा करने के लिए) करने पर भगवान शिव प्रकट हुए थे। इस कारण इसे नागेश्वर नाथ के नाम से जाना जाता है। इसके बाद राजा कुश ने अयोध्या में नागेश्वर नाथ मंदिर की स्थापना की। कुश द्वारा मंदिर के मुख्य द्वार पर एक शिलालेख लगवाया गया था, जो इस समय नष्ट हो चुका है। नागेश्वरनाथ की महिमा का बखान हिंदू भक्तों के साथ ही अंग्रेजों ने भी किया है। अंग्रेजी विद्वान विंसेटस्मिथ ने लिखा कि 27 आक्रमणों को झेल कर भी यह मंदिर अपनी अखंडता को बनाए है। हैमिल्टान ने लिखा है कि पूरे विश्व में इसके समान दूसरा दिव्य स्थान कोई नहीं है। प्रख्यात विद्वान मैक्समूलर ने लिखा है कि सैकड़ों तूफानों को झेल कर भी यह मंदिर अपनी अडिगता से अपने आप को स्थापित किए हुए है। कनिघंम ने उल्लेख किया है कि प्राणी को सच्ची शांति का विश्व में एक मात्र स्थान यही है। इतिहासकार लोचन का कहना कि रामेश्वरम, सोमनाथ, काशी विश्वनाथ के समान ही अयोध्या के नागेश्वर नाथ का भी शिव आराधना में विशिष्ट स्थान है।

## रौजागाँव चीनी मिल द्वारा किया गया रु0 14.46 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान

अयोध्या ब्यरो : बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड यूनिट रौजागांव द्वारा वर्तमान पेराई सत्र 2021–22 में दिनांक 18 फरवरी 2022 तक क्रय किए गए गन्ने का गन्ना मूल्य 14.46 करोड़ रुपए का भुगतान दिनांक 28–02–2022 को कर दिया गया है तथा किसानों का गन्ना मूल्य किसानों के संबंधित बैंक खाते में भेज दिया गया है। चीनी मिल के यूनिट हेड निष्काम गुप्ता ने कृषको से अनुरोध किया है कि जिन किसानों का बैंक खाता उपलब्ध नहीं होने के कारण बैंक के द्वारा भुगतान वापस कर दिया गया है उन किसान भाईयों से अनुरोध है कि अपने बैंक के खाते को समिति के माध्यम से अतिशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि चीनी मिल के द्वारा गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा सके।इसी क्रम में क्षेत्र में प्रजाति को. 0238 में रेडरॉट का प्रकोप आ गया है उस क्षेत्र के किसान भाई अपने संबंधित मिल स्टाफ से मिल कर गन्ना बीज नर्सरी से को. 0118 गन्ना प्रजाति,को. 15023 एवं कोलख 14201 प्रजाति का गन्ना बीज सुरक्षित कराकर बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिए सुनिश्चित करें साथ ही साथ किसान भाई जिन खेतों में रेडरॉट का प्रकोप है उस खेत में पेड़ी गन्ना ना लें तथा उसमें फसल चक्र अपनाएं तथा पौधे गन्ने की कटाई के एक सप्ताह के अंदर जिन खेतों में पेड़ी रखनी है उसमें यूरिया का भुरकाव जरूर करें जिससे पेड़ी का फुटाव अच्छा हो।इसी क्रम मे आगे बढ़ते हुए इकाई प्रमुख निष्काम गुप्ता ने किसानों को बलराम ऐप के बारे मे बताया कि बलराम ऐप का निर्माण गन्ने की खेती मे बढ़ते हुए लागत मूल्य को कम करने,वैज्ञानिक विधि से खेती करके अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने एवं कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते ऐप कृषकों के सशक्तिकरण के लिए,टिकाऊ खेती करने और चीनी मिल से सीधो जुड़ने के लिए लाभदायक विकल्प है।इस मौके पर इकबाल सिंह महाप्रबंधक गन्ना ने बताया कि किसानों को पेड़ी प्रबंधन के लिए 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर पेड़ी प्रबंधन यंत्र(रैटून मैनेजमेंट डिवाइस)चीनी मिल द्वारा दिया जा रहा है जिसको किसान भाई पौधे गन्ने की कटाई के उपरान्त ठूंठों की छंटाई एवं खाद डालने हेतु प्रयोग करें इससे पेड़ी का फुटाव अच्छा होता है और कल्ले ज्यादा निकलते हैं जिससे पेड़ी कीअच्छी पैदावार मिलती है।इसके साथ ही महाप्रबंधक(गन्ना)ने बताया कि किसानों को डीकंपोज प्रेस मड खाद ध्5 प्रति क्विंटल की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही साथ चीनी मिल द्वारा फसल उत्पादन एवं फसल सुरक्षा हेतु बेंटोनाइट सल्फर, हेग्जास्टॉप, ट्राइकोडरमा, ग्रेन्यूल्स बायो पोटाश,कैल्शियम नाइट्रेट,कोराजन आदि खाद एवं दवाएं उचित दर पर दी जा रही हैं साथ ही महाप्रबंधक गन्ना ने किसानों से अपील की है कि बसंत कालीन गन्ना बुवाई मे ट्रेंच विधि द्वारा ही गन्ने की बुवाई करें तथा मिल को साफ–सुथरा, जड़, मिट्टी, अगोला, पत्ती व हरा जूना रहित गन्ना ही आपूर्ति करें तथा पर्ची का एस एम एस. आने के बाद ही गन्ने की कटाई करें।

## गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक व सपा प्रत्याशी अभय सिंह पंहुचे पुलिसिया उत्पीड़न का शिकार हुए अनूप यादव का जानने हाल

अयोध्या ब्यूरो : विगत 27 फरवरी को फर्जी मतदान को रोकने को लेकर एक पार्टी के समर्थकों के इशारे पर चौकी इंचार्ज चौरेबाजार राहुल पांडेय द्वारा रामनगर ग्रामप्रधान प्रतिनिधि अशोक यादव के भाई अनूप यादव का सिर फोड़ने की घटना की जानकारी सोशल मीडिया से होने के बाद आज सपा प्रत्याशी अभय सिंह पीड़ित अनूप यादव का हाल जानने पंहुचे उनके घर, जहां पर स्वयं अनूप यादव व उनके भाई अशोक यादव द्वारा पुलिसिया उत्पीड़न की कहानी पूर्व विधायक अभय सिंह को खुद बताई गई। सपा प्रत्याशी अभय सिंह द्वारा पीड़ित को मदद हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया तथा दोषी चौकी इंचार्ज के एकतरफा कार्यशैली की शिकायत उच्च अधिकारियों से करने की बात कही गई।

## आज की राजनीति में जाति धर्म मजहब, मंदिर भगवान पाकिस्तान हाबी है : विकास गायब है

अयोध्या ब्यूरो : इलेक्शन चल रहा है हर प्रत्याशी पुरजोर ताकत लगा रहे हैं चाहे वह किसी पार्टी का हो या फिर निर्दल हो जीतने का दावा ठोक रहे है, कहीं गाना चल रहा है जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे, कहीं अखिलेश यादव के विकास की बात हो रही है, तो कहीं मायावती के शासन की बात हो रही है, लेकिन सारी पार्टियां मिलकर के अलग–अलग मुद्दों को चुनाव में भुनाना चाहते हैं, चुनाव जीतने के बाद हर पार्टी अपने चुनावी वादों को भूल जाती है पार्टी द्वारा लिए गए संकल्प संकल्प पत्र के जरिए प्रदर्शित करते हैं उसके बाद संकल्प पत्र को कूड़ेदान में फेंक देती है, अब विकास की बात कर लो शिक्षा कानून व्यवस्था रोजगार नौकरी और स्वास्थ यह मूलभूत जनता के लिए जरूरी सुविधाएं हैं जिससे हटकर चुनाव लड़ा जा रहा है, आजकल नेता चाहते हैं कुछ संप्रदायिक हो ताकि हम अपना डमरु बजाने वाला करतब दिखा सके जिससे हमें सत्ता में आने के लिए वोट मिल जाए जनता बेवकूफो की तरह रह जाए, लेकिन अब जनता जागरूक हो गई जिसे किसी पार्टी से कोई लेना देना नहीं वह विकास रोजगार की तरफ देख रहा है शांति व्यवस्था की तरफ देख रहे हैं ताकि हमारी आने वाली नस्ले भी सुखी रह सकें दो रोटी का इंतजाम हो सके, आने वाले 10 मार्च को रिजल्ट आएगा देखना है कौन सा मुद्दा जनता के बीच जरूरी रहा है और किसको जनता ने अपना मत दिया जिस को जनता ने अपना मत दिया उसके सर पर ताज होगा।

## अज्ञात कारणों के चलते साहबगंज सोलापुरी निवासी मोहित गुप्ता ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

अयोध्या ब्यूरो : नगर कोतवाली के साहबगंज चौकी के साहबगंज क्षेत्र अंतर्गत सोलापुरी कॉलोनी के रहने वाले अशोक गुप्ता के 31 वर्षीय पुत्र मोहित गुप्ता जो किराने की दुकान करते थे अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के कमरे में पंखे के चुल्ले में रस्सी का फंदा लगाकर की आत्महत्या कर ली भाई के द्वारा नगर कोतवाली में दी गई सूचना मौके पर पहुंचे नगर कोतवाल देवेंद्र सिंह चौकी प्रभारी अलीगढ़ राजेश यादव व चौकी प्रभारी साहबगंज ने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर लटक रहे युवक को कमरे का दरवाजा तुड़वा कर नीचे उतरवाया और शव को अपने कब्जे में लेकर परिवार के सदस्यों से की पूछताछ, मृतक मोहित गुप्ता की शादी हो चुकी थी एक 5 साल की बेटी भी थी आत्महत्या करने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है पुलिस मामले की कर रही है जांच पड़ताल ।

## अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखे डॉ अमित सिंह चौहान

अयोध्या ब्यूरो : लगभग एक महीने की चुनावी व्यस्तता के बाद आज जब फुर्सत मिली तो बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ अमित सिंह चौहान लगभग 9 बजे सुबह सोकर उठे। स्नान–ध्यान के पश्चात लगभग 30 मिनट तक भगवत भजन में लीन रहे। नास्ता करने के पश्चात लगभग 1 वर्ष के बेटे को दुलार, पश्चात अपनी माता विधायक शोभा सिंह चौहान का पैर छूकर आशीर्वाद लिया, तथा पास में ही स्थित मोहम्मदपुर बाजार में अपने कार्यालय पर पहुँच गये। वहाँ पर पहले से मौजूद कृष्ण कुमार पाण्डेय 'खुन्नू', कप्तान तिवारी, गिरिजेश त्रिपाठी, अम्बरीष पाण्डेय, सर्वेश सिंह चौहान, योगेंद्र प्रताप सिंह 'फौजी', सुरेंद्र गोस्वामी, विक्रांत गोस्वामी, संग्राम सिंह, कौस्तुभमणि त्रिपाठी,अदनान हैदर सहित लगभग दर्जनों कार्यकर्ताओं से कुशल क्षेम जाना तथा प्रत्येक लोगों से उनके गाँवों में पड़े वोटों की जानकारी हासिल की। जिस पर वहाँ उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर से उनको निश्चिन्त किया कि आप प्रत्येक गाँवों में भारी मतों से जीत रहे हैं। आश्वस्त होकर उन्होंने बताया कि तत्काल बलिया जाना है। बलिया सदर से भाजपा प्रत्याशी व मेरे अभिभावक मित्र दयाशंकर सिंह के चुनाव प्रचार में लगना है। अपने सहयोगी रमेश सिंह 'नानमून', के साथ कार में बैठ वो बलिया के लिये निकल गये। लगभग 15 किमी चलने के पश्चात टोल प्लाजा तहसीनपुर में अयोध्या निवासी ज्योतिषाचार्य रामानंद महाराज को एक रेस्टोरेंट में चाय पीते देखा तो तुरंत गाड़ी रुकावकर उन्हें प्रणाम कर पैर छूकर आशीर्वाद लिया तथा जलपान कराया। पंडित रामानंद ने डॉ अमित सिंह चौहान को आश्वस्त करते हुये कहा कि आगामी अप्रैल माह तक आप का ग्रह–नक्षत्र इतना प्रबल है कि किसी भी प्रकार का अवरोध आपकी विजय पताका रोक नहीं पायेगा। पंडित जी से आश्वासन पाकर वो अपने गंतव्य की ओर निकल पड़े।

## सर्व समाज की बदौलत हम चुनाव जीतने जा रहे हैं– गब्बर

अयोध्या ब्यूरो : 20 दिन की चुनावी व्यस्तता के बाद हाजी फिरोज खान गब्बर रोज की तरह सुबह 6:00 बजे उठ गए और सबसे पहले सुबह की नमाज अदा करने के बाद अपने स्वर्गीय माता पिता की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ा। सुबह 9:00 बजे तक अपने परिवार एवं बच्चों के साथ व्यस्त रहे 9 बजते ही पहला फोन उन्होंने बीकापुर विधानसभा के प्रभारी एजाज अहमद को किया और पूछा आज का क्या कार्यक्रम है एजाज अहमद ने उन्हें बताया कि आज बीकापुर विधानसभा के सभी सेक्टर प्रभारियों एवं जिम्मेदार साथियों के साथ केंद्रीय चुनाव कार्यालय सोहावल पर दिन में 12 बजे एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। उनके गृह निवास रौनाही पर सुबह से ही पार्टी के कार्यकर्ता एवं समर्थकों का आना जाना शुरू हो था।बाद में वह अपने बैठके में बैठ गए और वहां पहले से मौजूद अनंतराम यादव, पूरन यादव, राकेश यादव, अशोक पासी, पप्पू पासी, चंद्र प्रकाश यादव, पूर्व प्रधान मेराज अहमद, मनोज पांडेय, ब्लाक प्रमुख रनर प्रत्याशी रहे विश्वनाथ सहित वहां पर मौजूद 2 दर्जन से अधिक लोगों से मुलाकात की और सब का हाल–चाल लिया धीरे–धीरे भीड़ बढ़ती रही सबकी जुबान पर एक ही बात थी हाजी साहब आप बड़े अंतर से चुनाव जीत रहे हैं। गब्बर थोड़ा मुस्कुराए और फिर खामोश रहे। 11:00 बजे सोहावल चौराहा स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर वह पहुंच गए जहां पहले से मौजूद सैकड़ों लोगों ने मुस्कुराते हुए फिरोज खान गब्बर का स्वागत किया और सभी बारी–बारी गले मिलकर बधाई देने लगे। उनके पहुंचते ही थोड़ी देर में राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव सुडडू मिश्रा आ गए और उन्होंने गब्बर को गले से लगाकर जीत की अग्रिम बधाई दी। कुछ देर बाद सपा वरिष्ठ नेता मंगलसी प्रधान रामचेत यादव का चुनाव कार्यालय पर आगमन होता है गब्बर खुशी से खड़े होते हैं और बढ़कर रामचेत यादव को गले लगाते हुए अपने बगल कुर्सी पर बैठाते हैं। देखते ही देखते भीड़ हजारों की संख्या में तब्दील हो जाती है। बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, युवजनसभा के जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राशिद जमील, जिला पंचायत प्रतिनिधि अजय रावत, जिला पंचायत सदस्य राजा मान सिंह जिला पंचायत सदस्य हरिशंकर यादव छोटू,सेक्टर प्रभारी नरेंद्र यादव, राजेश यादव, अवधेश गोस्वामी, संतोष शर्मा, पप्पू यादव, जगजीवन पटेल, चंद्र प्रकाश यादव, शरद पासवान, ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र रावत, संकटा प्रसाद निषाद, डॉक्टर शिव कुमार यादव, अंजनी कुमार यादव, पूर्व प्रधान गोविंद यादव, मुमताज नगर प्रधान अमरनाथ यादव, दराबगंज प्रधान अहमद रजा, सत नारायण यादव, अखिलेश पांडेय,अंगद यादव, बसंत लाल चौरसिया, नदीम खान, सलीम खान, आजाद सिद्दीकी, पूर्व प्रधान बैजनाथ यादव, प्रधान सोनू यादव, प्रदीप यादव, सुनील यादव, डाक्टर तैय्यब सहित बड़ी संख्या में मौजूद वर्तमान प्रधान पूर्व प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों से एक–एक कर हाथ मिलाते हैं और सबको धन्यवाद देते हैं। इसके बाद 12 बजते ही मीटिंग शुरू हो जाती है एजाज अहमद मीटिंग का संचालन करते हुए सभी साथियों से उनके बूथ पर पड़े हुए वोटो के संबंध में प्रारूप 11 मांगते हैं। एक–एक करके सब लोग एजाज के पास उनके बूथों पर पड़े हुए मत संबंधित कागज जमा कर देते हैं। समीक्षा के दौरान लोगों द्वारा उनके बूथों पर पड़े हुए मत में समाजवादी पार्टी को भारी बढ़त मिल रही है कि सूचना पर हाजी फिरोज खान गब्बर के चेहरे पर काफी सुकून दिखाई पड़ता है। अंत में हाजी फिरोज खान गब्बर चुनाव कार्यालय पर हजारों की संख्या में मौजूद समाजवादी पार्टी एवं गठबंधन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सबका धन्यवाद देते हैं और कहते हैं कि सर्व समाज की बदौलत आज वह बीकापुर विधानसभा का चुनाव जीतने जा रहे हैं। फिरोज खान गब्बर एवं उनके लोग जीत को लेकर पूर्ण रूप से अस्वस्थ हैं उनका कहना है कि जब मत प्रतिशत बढता है तो इसका आशय ही यही है कि जनता परिवर्तन चाहती है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग से दो घरों की गृहस्थी जलकर हुई स्वाहा

अयोध्या ब्यूरो : गर्मी के दस्तक देते ही आग ने तांडव मचाना शुरू कर दिया है।मवई थाना क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में अज्ञात कारणों से आग लगने से दो घरों की सारी गृहस्थी तबाह हो गई। प्रधान प्रतिनिधि दिनेश पांडेय ने बताया कि गांव निवासी अयोध्या प्रसाद पुत्र राम प्रसाद के घर में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पड़ोसी सीता राम के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया।हल्ला गोहार सुनकर आए ग्रामीणों ने घंटो मशक्कत कर आग पर तो काबू पा लिया लेकिन इस दौरान दोनों घरों की सारी गृहस्थी कपड़ा,बिस्तर अनाज व अन्य सामान जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गया।अग्निकांड की सूचना मिलते ही हल्का लेखपाल हरिश्चंद सिंह ने मौके पर पहुंच कर आग से हुई क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंपने की बात बताई।उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर पीड़ितों को आर्थिक सहायता मुहैया कराई जायेगी।

## लायंस क्लब रूदौली द्वारा मतदान स्थल पर किया गया उत्कृष्ट कार्य

अयोध्या ब्यूरो : लोकतन्त्र के इस महा पर्व पर रुदौली में लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन लायन डॉक्टर निहाल ने लायंस क्लब रुदौली तत्वाधान में रविवार को इस्लामिया इण्टर कॉलेज व राजकीय गर्ल्स इंटर कालेज में मतदान स्थल पर लायंस क्लब रुदौली द्वारा व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध की गई ताकि कोई भी व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न रह पाए।इसके अतिरिक्त मतदाता स्थल पर मिनरल वाटर,फर्स्ट एड बॉक्स,नए वोटरों का बैज लगाकर एवं गुलाब के फूल से तथा टॉफी देकर स्वागत किया गया।सेल्फी पॉइंट बनाया गया जहाँ पर मतदाता अपनी सेल्फी ले सके तथा राजकीय गर्ल्स इंटर कालेज रुदौली पर आवश्यकता पड़ने पर निशुल्क सैनेटरी पैड भी उपलब्ध कराए गये।डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन लायन डॉक्टर निहाल रजा ने इस्लामिया इंटर कॉलेज रुदौली के मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया व और बहुत से मतदाताओं ने अपनी सेल्फी भी ली।

## यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्र–छात्राओं के सकुशल वापसी की मांग

अयोध्या ब्यूरो : यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्र–छात्राओं को सकुशल भारत वापसी के लिए भारतीय किसान यूनियन जनपद अयोध्या द्वारा तिकोनिया पार्क में आज एक दिवसीय धरना देकर जिला अधिकारी अयोध्या के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री महोदय को ज्ञापन भेजकर वापस लाने की मांग की गई। ज्ञापन नायब तहसीलदार विनय कुमार बरनवाल को सौंपा गया। धरनाकारियो को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि भारत के किसानों/ गरीबों /ध्मजदूरों के बच्चे जिनके पास एमबीबीएस करने के लिए एक करोड़ रुपया नहीं है वे सस्ते में एमबीबीएस करने के लिए यूक्रेन सहित अन्य देशों में जाते हैं यूक्रेन में युद्ध चलने के कारण भारतीय छात्र/ छात्राएं फंसे हुए हैं और भूखे प्यासे परेशान हैं उनको अपमानित भी किया जा रहा है ऐसी स्थिति में भारत सरकार की जिम्मेदारी है सकुशल वतन वापसी का प्रबंध करें और सकुशल छात्र /छात्राओं को उनके घर पहुंचाए। धरनाकारियो में प्रमुख रूप से युवा अध्यक्ष भागीरथी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद यादव, जगतपाल सिंह, शंकर पाल पांडे, जिला प्रवक्ता फरीद अहमद, जिला सचिव दशरथ सिंह, रामप्रताप गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष देवी प्रसाद वर्मा, नगर अध्यक्ष सोहावल अबरार खान ,उमिला निषाद, राजमणि यादव ,रविंदर वर्मा, जितेंद्र कुमार ,भभूति निषाद ,गंगाराम आदि लोग शामिल रहे।

## महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के शिव मंदिरों पर श्रद्धालु भक्तों द्वारा किया गया जलाभिषेक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महाशिवरात्रि के पवित्र पावन अवसर पर क्षेत्र के शिव मंदिरों में शिव मंदिर नैपुरा गोमती तट व मुफ्तीगंज के शिव मंदिरों ,,पातालपुरी शिव मंदिर सरेमु, शिव मंदिर सुचितपुर पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई भगवान भोले के जलाभिषेक दूध ,बेलपत्र ,बेर , चारोईंख ,धतूरा व मेवा आदि से विधिवत कर श्रद्धालु दीपक से आरती उतारी ।आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन है क्षेत्र के समस्त मंदिरों में दिन रात चहल पहल रहेगी ।रात में गांव की बहुएं भी भगवान शिव की वंदना करती है और उनकी आरती उतारती है।

## नगर कोतवाली में एसपी सिटी द्वारा महाशिवरात्रि को लेकर पीस कमेटी की बैठक

अयोध्या ब्यूरो : अयोध्या में 1 मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा शहर की चार बारातें 14 कोसी परिक्रमा मार्ग स्थित विघ्नेश्वर शिव मंदिर में पहुंचती है जहां भाजपा पार्षद दिलीप यादव उनकी धर्मपत्नी मिथिलेश यादव बरात का भव्य स्वागत करती हैं वही रिकाबगंज कमला नेहरू भवन के सामने हर साल की भांति इस साल भी जवाबी कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है जिसके आयोजन पार्षदध संयोजक राजेश गौड़ व अध्यक्ष अशोक कनक के द्वारा हर साल किया जाता है शहर में होने वाले महाशिवरात्रि के कार्यक्रम को लेकर नगर कोतवाली के प्रांगण में एसपी सिटी विजय पाल सिंह के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार सिंह, नगर कोतवाल देवेंद्र सिंह ,वरिष्ठ उप निरीक्षक ओम प्रकाश के अलावा शहर के सभी चौकी प्रभारी रहे मौजूद पीस कमेटी की बैठक में आए हुए लोगों ने अपनी – अपनी समस्या के बारे में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को अवगत कराया।

## 50 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का मिला शव

अयोध्या ब्यूरो : कोतवाली नगर अंतर्गत चौकी सिविल लाइन क्षेत्र के लोक निर्माण विभाग गेट अंदर 50 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव मिला प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दोपहर लगभग 3:30 बजे लोक निर्माण विभाग गेट के अंदर बगल में एक अचेत अवस्था में वृद्ध पड़े होने की सूचना सिविल लाइन चौकी चीता 10 के सिपाही संदीप कुमार को मिली सिपाही द्वारा 108 एंबुलेंस बुलवाकर जिला चिकित्सालय भिजवाया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहा है डॉक्टर द्वारा मृतक घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवाया वही ड्यूटी कर रहे फार्मेसिस्ट विजय वर्मा द्वारा शाम 4:10 पर कोतवाली नगर पोस्टमार्टम हेतु पुलिस मेमो भिजवा दिया गया है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।